Cambridge Assessment International Education

# Cambridge International AS Level

**HINDI LITERATURE** **8675/04**

Paper 4 Hindi Literature **October/November 2023**

MARK SCHEME

Maximum Mark: 75

**Published**

This mark scheme is published as an aid to teachers and candidates, to indicate the requirements of the examination. It shows the basis on which Examiners were instructed to award marks. It does not indicate the details of the discussions that took place at an Examiners' meeting before marking began, which would have considered the acceptability of alternative answers.

Mark schemes should be read in conjunction with the question paper and the Principal Examiner Report for Teachers.

Cambridge International will not enter into discussions about these mark schemes.

Cambridge International is publishing the mark schemes for the October/November 2023 series for most Cambridge IGCSE, Cambridge International A and AS Level components, and some Cambridge O Level components.



© UCLES 2023



https://xtremepape.rs/

## Generic Marking Principles

These general marking principles must be applied by all examiners when marking candidate answers. They should be applied alongside the specific content of the mark scheme or generic level descriptors for a question. Each question paper and mark scheme will also comply with these marking principles.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 1:

Marks must be awarded in line with:

- the specific content of the mark scheme or the generic level descriptors for the question
- the specific skills defined in the mark scheme or in the generic level descriptors for the question
- the standard of response required by a candidate as exemplified by the standardisation scripts.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 2:

Marks awarded are always **whole marks** (not half marks, or other fractions).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 3:

Marks must be awarded **positively**:

- marks are awarded for correct/valid answers, as defined in the mark scheme. However, credit is given for valid answers which go beyond the scope of the syllabus and mark scheme, referring to your Team Leader as appropriate
- marks are awarded when candidates clearly demonstrate what they know and can do
- marks are not deducted for errors
- marks are not deducted for omissions
- answers should only be judged on the quality of spelling, punctuation and grammar when these features are specifically assessed by the question as indicated by the mark scheme. The meaning, however, should be unambiguous.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 4:

Rules must be applied consistently, e.g. in situations where candidates have not followed instructions or in the application of generic level descriptors.

GENERIC MARKING PRINCIPLE 5:

Marks should be awarded using the full range of marks defined in the mark scheme for the question (however; the use of the full mark range may be limited according to the quality of the candidate responses seen).

GENERIC MARKING PRINCIPLE 6:

Marks awarded are based solely on the requirements as defined in the mark scheme. Marks should not be awarded with grade thresholds or grade descriptors in mind.

© UCLES 2023

https://xtremepape.rs/

**Component 4: Texts**

Candidates must write their answers in the target language. Examiners will look for a candidate's ability to communicate effectively and will ignore linguistic errors which do not impede communication.

**Passage-based questions**
Examiners should consider the extent to which candidates have been able to identify the significant issues raised in the passage and, where appropriate, have applied these to the text as a whole. The passage is a stimulus passage, to be used as a springboard to give candidates a starting point for their answer. Examiners should allow candidates to use the passage as they choose, and ask themselves how successfully the candidates have manipulated their material and to what extent they have shown depth of awareness and knowledge of the workings of the text under discussion. This is not an exercise in literary criticism: Examiners should reward candidates whose answers show good understanding of how a text works and how an author has conveyed the key issues.

**Essay questions**
A prime consideration is that candidates show detailed knowledge and understanding of the text.

**Extracts from Examiners' Notes**
This paper is intended to test candidates' knowledge of a text and their ability to use this knowledge to answer questions in a clear and focused manner. A sophisticated literary approach is not expected (though at the highest levels it is sometimes seen), but great value is placed on evidence of a firsthand response and thoughtful, personal evaluation of what candidates have read. Candidates may have been encouraged to depend closely on prepared notes and quotations: quotation for its own sake is not useful, though it will not be undervalued if used appropriately to illustrate a point in the answer.

Candidates do not tend to show all the qualities or faults described in any one mark-band. Examiners attempt to weigh all these up at every borderline, in order to see whether the work can be considered for the category above. At the lower levels, the answer may mention a few 'facts' but these may be so poorly understood, badly organised and irrelevant that it falls into category 10–11; or there may be just enough sense of understanding and focus for the examiner to consider the 12–13 band. Again, at a higher level, an answer may be clear, solid and conscientious (perhaps 18–19), without showing quite the control and attention to perceptively chosen detail which would justify 20 or more.

Examiners take a positive and flexible approach and, even when there are obvious flaws in an answer, reward evidence of knowledge and especially any signs of understanding and careful organisation.



https://xtremepape.rs/

Candidates are expected to write 500–600 words for each of their answers. Candidates who write more than 600 words cannot be placed higher than the 16–17 category in the Mark scheme.

| **Marks** | **Description** |
|---|---|
| **22–25** | Exceptional work. Excellent ability to organise material, thorough knowledge, considerable sensitivity to language and to author's intentions, understanding of some literary techniques. Really articulate and intelligent answers should be considered in this band even if there are still flaws and omissions. |
| **20–21** | Very good. Close attention to detail of passages, controlled structure, perceptive use of illustration, good insight when discussing characters. Ability to look beyond the immediate material and to show some understanding of author's intentions and of underlying themes. |
| **18–19** | Thoroughly solid and relevant work. Candidate does not simply reproduce information: can discuss and evaluate material and come to clear conclusion. Good focus on passages. Some limitations of insight but coherent, detailed approach and aptly chosen illustrations. |
| **16–17** | Painstaking. Sound knowledge of texts; mainly relevant. Some attempt to analyse and compare, some sense of understanding. Possibly not in full control of material; solid but indiscriminate. Many very conscientious candidates fall into this category: they tend to write far too much as they are reluctant to leave out anything they have learnt. Focused, coherent essays which lack really solid detail but convey a good understanding of the text should also be considered for this band. |
| **14–15** | Fair relevance and knowledge. Better organised than work in the 12–13 band: the candidate probably understands the demands of the question without being able to develop a very thorough response. Still a fairly simple, black and white approach. Some narrative and 'learnt' material but better control and focus than work in the 12–13 band. Many candidates probably fall into this category. |
| **12–13** | Sound, if simple and superficial, knowledge of plot and characters. Makes assertions without being able to illustrate or develop points. Probably still too dependent on narrative and memorised oddments but there may be a visible attempt to relate these to the question. Can extract one or two relevant points from a set passage. |
| **10–11** | Some very basic material but not much sense of understanding or ability to answer the question. The candidate rarely reads the set passage but uses it as a springboard for storytelling and memorised bits and pieces about characters. Very general, unspecific approach. Random, bitty structure. Signs of organisation and relevance should be looked for in case the answer can be considered for a mark in the 12–13 band. |
| **6–9** | Marginally more knowledge here than in the 0–5 band. The candidate may have read the text but is probably unable to see beyond the barest bones of the plot or half-remembered notes. Insubstantial; very little relevance. The candidate may have problems with the language and will be unable to express ideas comprehensibly. |
| **0–5** | No discernible material. Often very inadequate language. Marks in this section are awarded almost on the basis of quantity: up to 3 for a sentence or two showing a glimpse of knowledge, 4 or 5 where there is also a hint of relevance to the question. It is possible for a candidate to write a whole page demonstrating no knowledge at all (have they read the book?), or only misunderstood background facts or very vague general remarks unrelated to either text or question. |

© UCLES 2023

https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | भाग **1** | |
| 1 | सूरसागर सार - सूरदास और श्रीरामचरितमानस - तुलसीदास | |
| 1(a) | प्रस्तुत पद भक्तिकाल के मूर्धन्य कवि सूरदास की अमर कृति सूरसागर के 'गोकुल लीला' से उद्धृत है। महाकवि सूरदास का नाम हिंदी साहित्य में भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। वे भक्तिकाल के कृष्णकाव्यधारा के प्रमुख कवि हैं। सूरदास महाकवि तो थे ही, पर कवि होने से पहले भक्त थे। सूरदास ने श्री वल्लभाचार्य जी से दीक्षा ली थी। उनके प्रारम्भिक पद विनय और दास्य भाव की भक्ति से प्रेरित थे। वल्लभाचार्य के कहने पर उन्होंने वात्सल्य और श्रृंगार रस के पद लिखे। वल्लाभाचार्य से प्रेरणा और भागवत का आधार लेकर सूरदास ने बालकृष्ण की लीला का अत्यंत मनोहारी चित्रण किया। बाललीला के प्रसंग में सूर का बालमनोविज्ञान का ज्ञान देखने को मिलता है। प्रस्तुत पद बाल-मनोविज्ञान का अत्यंत स्वाभाविकता से वर्णन करने का श्रेष्ठ उदाहरण है।<br><br>प्रस्तुत प्रसंग में बालकृष्ण को माखन चोरी करते समय रंगे हाथों पकड़े जाने के दृश्य का मनोहारी चित्रण है। अपनी चोरी छिपाने में कृष्ण का वाग्वैदग्ध्य और यशोदा मैया के वात्सल्य-गदगद हृदय की छवि है। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के शब्दों में, 'सूर ने मातृ हृदय का ऐसा स्वाभाविक, सरल और हृदयग्राही चित्र खींचा है कि आश्चर्य होता है।'<br><br>बाल कृष्ण को माखन अत्यधिक प्रिय है। माखन चोरी करते समय पकड़े जाने पर अपने वाक्चातुर्य से चोरी छिपाने के विफल प्रयास और यशोदा मैया के वात्सल्य भाव का सूरदास ने सजीवता से वर्णन किया है। कृष्ण अपनी सफाई देते हुए कहते हैं, 'मैया मैंने माखन नहीं खाया। मेरे साथी और सखा मेरे पीछे पड़े हैं, लगता है उन्होंने ही जबरदस्ती मेरे मुख पर माखन लगा दिया है।' 'ख्याल पड़े' कथन में बालकृष्ण का भोलापन झलकता है। अपनी बात की प्रामाणिकता सिद्ध करने के लिए वे आगे कहते हैं, 'तू ही देख माखन का बर्तन ऊपर लटके हुए छीके पर है, मैं अपने नन्हें हाथों से उस तक कैसे पँहुच सकता हूँ?' यह कहते हुए कृष्ण ने अपने मुख पर लगे दही को पोंछ लिया और चतुराई से मक्खन के दोने को पीठ के पीछे छिपा लिया। कृष्ण के बाल चातुर्य पर मुग्ध होकर यशोदा ने कृष्ण की पिटाई करने के लिए लाई हुई छड़ी हाथ से फेंक दी और मुस्कराकर उन्हें गले लगा लिया। सूरदास कहते हैं कि कृष्ण ने अपने बाल-विनोद के आनंद से यशोदा का मन मोह लिया और उन्हें भक्ति की महिमा दिखलाई। यशोदा को मिला यह सुख शिव और ब्रह्मा को भी दुर्लभ है।<br><br>सूरदास की भाषा में ब्रजभाषा की मधुरता और सरसता के चरम रूप के दर्शन होते हैं। वात्सल्य रस की कोमलता और बालक की बोली की सरलता इस पद की भाषा की विशेषता है। यह पद वात्सल्य रस की सम्पूर्णता में अभिव्यक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण है। वात्सल्य रस के अनूठे प्रसंगों के कारण ही आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने लिखा था, 'वात्सल्य के क्षेत्र में जितना अधिक उद्घाटन सूर ने अपनी बंद आँखों से किया, उतना और किसी कवि ने नहीं, वे इसका कोना-कोना झाँक आए हैं।' | **25** |


https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | महाकवि तुलसीदास का नाम हिंदी साहित्य में सगुणोपासक भक्तकवि के रूप में प्रसिद्ध है। तुलसीदास राम भक्त पहले और महाकवि बाद में हैं। श्रीरामचरित मानस की रचना का प्रमुख उद्देश्य भगवान श्रीराम का मनुष्य रूप में अवतार लेकर दुष्टों का दमन, साधुओं का परित्राण और धर्म की स्थापना करना है। राम-कथा में इस उद्देश्य की पूर्ति रावण के वध, विभीषण के राज्याभिषेक और राम, सीता, लक्ष्मण तथा हनुमान के अयोध्या लौटने पर राम के राज्यारोहण से हुई।<br><br>बालकाण्ड श्रीरामचरित मानस का प्रथम काण्ड है। महाकाव्य की परम्परा में तुलसीदास रामकथा प्रारंभ करने से पहले शब्द, अर्थ, रस और छंद को सफल करने वाली देवी सरस्वती और सकल मंगलकारी गणेश की वंदना करते हैं। देवी-देवताओं के आवाहन और श्री वाल्मीकि जी तथा पवनपुत्र हनुमान की वंदना करने के बाद वे दीन-दुखियों के संरक्षक सीताराम के अभिन्न स्वरूप की वंदना करते हैं। इसके बाद तुलसीदास ने रामकथा के महत्व का वर्णन करते हुए उसको कलियुग में समस्त मनोरथ पूर्ण करने वाला मानकर राम 'नाम' की महिमा की प्रशस्ति की है।<br><br>तुलसीदास ने बालकाण्ड में अनेक उदाहरणों द्वारा राम नाम के प्रभाव का वर्णन किया है। वे कहते हैं कि नाम अग्नि, सूर्य और चंद्रमा का हेतु, ब्रह्मा, विष्णु और शिवरूप है। वे नाम को वेदों का सार और निर्गुण उपमारहित और गुणों का सार मानते हैं। नाम की महिमा अद्भुत है क्योंकि इसमें पूरी सृष्टि समाई हुई है। काशी में मुक्ति प्रदान करने वाले महेश्वर शिव जी राम नाम का जाप करते हैं। शिव जी ने राम नाम की महिमा अपने हृदय में जानकर ही सौ करोड़ रामचरित्रों में से इस 'राम' नाम को अपनाया है। पार्वती के हृदय में राम नाम की प्रीति देखकर शिवजी ने उन्हें अपनी अर्धांगिनी बनाया। नाम के प्रभाव से शिव के कालकूट विष ने उन्हें अमृत का फल दिया। राम नाम की महिमा जानने वाले गणेश जी सबसे पहले पूजे जाते हैं। आदि कवि वाल्मीकि उलटा नाम, 'मरा', 'मरा' का जाप करके पवित्र हो गए थे, वे भी रामनाम की महिमा जानते थे। | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 1(b) | तुलसीदास ने राम की भक्ति की तुलना वर्षाऋतु और नाम को सावन-भादों के महीने से उपमित किया है। जैसे वर्षा ऋतु ऊसर धरती पर भी अन्न उपजा सकती है, उसी प्रकार से रामनाम अयोग्य व्यक्ति को भी मनोवांछित फल दे सकता है। नाम के दो अक्षर जगत का पालन करने वाले हैं। राम और नाम में सेवक और स्वामी का संबंध बताते हुए तुलसीदास कहते हैं कि जिस प्रकार स्वामी के पीछे सेवक चलता है उसी तरह राम अपने नाम के पीछे अनुगमन करते हैं। अतः भीतर और बाहर दोनों तरफ उजाला पाने के लिए तो मुखरूपी द्वार की जीभरूपी देहली पर रामनाम रूपी मणिदीप को प्रतिष्ठित करना वांछित है। वे नाम को ब्रह्म के निर्गुण और सगुण दोनों रूपों से श्रेष्ठ मानते हैं क्योंकि उसके द्वारा ब्रह्म के दोनों रूपों तक पँहुचा जा सकता है। तुलसीदास ने बालकाण्ड में राम से अधिक उनके नाम का माहात्म्य अनेक उदाहरणों के द्वारा प्रतिष्ठित किया है। यह सर्वविदित है कि श्रीराम ने तो केवल सुग्रीव और विभीषण को अपनी शरण प्रदान की, लेकिन राम नाम ने अनेकों गरीबों पर कृपा की है। नाम की यह सुंदर महिमा लोक और वेद में प्रचलित है। श्रीराम ने तो केवल भालुओं और वानरों की सेना बनाई और समुद्र पार जाने के लिए कुछ श्रम नहीं किया, परंतु नाम लेने मात्र से भवसागर सूख जाता है। अतः प्रश्न यह है कि राम और नाम में कौन अधिक प्रभावशाली है। श्रीराम ने रावण को सपरिवार मारने के उपरांत सीता सहित अयोध्या में प्रवेश कर राज्याभिषेक के बाद अवध को राजधानी बनाया। देवता और मुनिगण उनकी महिमा का वर्णन करते हैं। परंतु उनके सेवक और भक्तजन प्रेमपूर्वक नाम के स्मरण मात्र से अनायास मोह-माया की प्रबल सेना पर विजय पाकर उन्मुक्त और प्रेममग्न भाव से सुख में आत्मलीन होकर विचरण करते हैं। यह नाम का ही प्रसाद है जिसके प्रभाव से उन्हें सपने में भी कोई चिंता नहीं सताती। इन समस्त उदाहरणों द्वारा तुलसीदास प्रभु के नाम की अपार महिमा की प्रतिष्ठा करते हैं। नाम का जप करके मनुष्य रोग, शोक आदि समस्त सांसारिक दुखों से मुक्त हो सकता है। तुलसीदास कहते हैं कि निष्कर्ष स्वरूप नाम की महिमा ब्रह्म और राम से कहीं अधिक है। यह वरदान देने वालों को भी वर देने वाला है। बालकांड में तुलसीदास ने<br><br>'चहुँ जुग तीनि काल तिहुँ लोका।<br>भए नाम जपि जीव बिसोका' तथा<br>'राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार्।<br>तुलसी भीतर बाहरेहुँ जौं चाहसि उजियार'<br>द्वारा नाम को तीनों काल में शोक का हरण करने वाला और भीतर और बाहर के अंधकार को दूर करके उजियाला करने वाला कहा है।<br>निष्कर्ष स्वरूप तुलसीदास ने अपना प्रमाण दिया कि रामनाम मनोकामना पूर्ति करने वाला कल्पवृक्ष है जिसको स्मरण करने से भाँग के समान निकृष्ट तुलसीदास तुलसी पत्र के सदृश पवित्र हो गए। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2 | प्रसाद निराला महादेवी पंत की श्रेष्ठ रचनाएँ | |
| 2(a) | प्रस्तुत गीत छायावाद के प्रमुख कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला द्वारा रचित है। निराला गहन अनुभूति के कवि हैं। उनकी कविता की संवेदना उनके जीवन के उतार-चढ़ाव के अनुभवों की गहनता को निर्मम सच्चाई से अभिव्यक्त करती है। 'ध्वनि' कविता निराला के अंतर्मन की आशा और उत्साह से प्रेरित है। प्रकृति के प्रतीक से कवि ने निराशा और अवसाद से ग्रस्त लोगों के मन में आशा और उत्साह का संचार किया है। कवि जीवन के यथार्थ से भली भाँति परिचित है, पर उससे पराजित न होकर उससे ऊपर उठने के संकल्प से प्रेरित है। इस दृष्टि से यह कविता केवल उनके अपने हृदय को ही नहीं, उन समस्त प्राणियों के मनोबल को बढ़ाने वाली है जिनके जीवन की संभावनाएँ बिना खिली हुई कलियों सदृश अविकसित हैं। कविता की विशेषता आशावादिता का प्रबल जयघोष है। प्रकृति के संदर्भ में वह सूर्य की प्रखर किरणों द्वारा कलियों के खिलने का संदेश है और मानवता के लिए निराशा और अवसाद में डूबे व्यक्ति के लिए आशा का आश्वासन जो 'अभी न होगा मेरा अंत' की पुनरावृत्ति से पुष्ट किया गया है।<br><br>प्रथम चरण में निराला वसंत ऋतु के रूपक द्वारा जीवन की असीम संभावनाओं का संकेत करते हैं। प्रकृति में वसंत ऋतु और मानव जीवन में यौवन अपरिमित संभावनाओं से परिपूर्ण होता है। ऐसे में जीवन के अंत की कल्पना भी कवि को स्वीकार नहीं। स्वर्ण-किरण की कल्लोलों से तात्पर्य आशा और उमंग के मधुर सुर से है। कवि केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि समस्त सोई हुई प्रकृति में आशा का सूर्योदय करने की परिकल्पना से प्रेरित है। सूर्य की किरणों से सोई हुई कलियों का खिलना मानो सुशुप्त भावनाओं का जागना है। जीवन के अमृत-रस से सींचे जाने पर आलस और तंद्रा स्वयं ही दूर हो जाएंगे। वह एक मार्गदर्शक बन कर जग को ऊर्जा और कर्मठता की ओर ले जाने की प्रबल आकांक्षा से प्रेरित है। जीवन के इस प्रथम चरण में मृत्यु के लिए कोई स्थान नहीं है। इसके सामने तो जीवन की असीम संभावनाएँ हैं जिसे कवि ने यौवन के प्रतीक द्वारा व्यक्त किया है।<br><br>अंतिम चरण में कवि अखिल विश्व की चारों दिशाओं को अपनी अंतरात्मा के स्वर से गुंजा देने का संदेश देता है। यह कविता गीतात्मक शैली, स्वानुभूति का प्रकृति में प्रक्षेपण, प्रकृति के माध्यम से मानवता के कल्याण की भावना, भावों के अनुकूल शब्द चयन, अलंकार विधान, मुक्त छंद आदि छायावाद की विशेषताओं का श्रेष्ठ उदाहरण है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | छायावाद युग के कवियों में महादेवी वर्मा का विशिष्ट स्थान है। छायावाद का युग राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक आदि सभी स्तरों पर संघर्ष और आंदोलन का युग था। उस युग के जिन कवियों ने भाव और कला पक्ष की दृष्टि से द्विवेदी युग की इतिवृत्तात्मकता से आगे की यात्रा करके हिंदी कविता को एक नवीन अभिव्यंजना शैली और संवेदनशीलता से समृद्ध किया, उनमें महादेवी वर्मा का मूर्धन्य स्थान है। वस्तुतः छायावादी काव्य व्यक्तिवाद का प्रभाव लेकर चला जिसके फलस्वरूप आत्माभिव्यक्ति को प्रमुख स्थान मिला।<br><br>महादेवी जी की कविता की मुख्य संवेदना वेदनानुभूति, रहस्य-भावना, दिव्य सत्ता के प्रति प्रणय भावना और सौंदर्यानुभूति है जिसकी अभिव्यक्ति प्रकृति के उपादानों के रूपक से की गई है। उनकी कविता में दुख और करुणा का भाव प्रधान है। उनके अपने शब्दों में वे, 'नीर भरी दुख की बदली' हैं। उनकी कविताओं में इस तरह के अनेक बिम्ब हैं जिनसे उनके अंतस की अथाह पीड़ा का संकेत मिलता है। डॉ नगेंद्र के शब्दों में, 'पीड़ा का साम्रज्य ही उनके काव्य-संसार की सौगात है।' 'साम्राज्य मुझे दे डाला, उस चितवन ने पीड़ा का', 'हँस कर पीड़ा ने भर दी छोटी जीवन की प्याली' आदि कविताओं में वे अपनी अनुभूतिजन्य पीड़ा की सहज अभिव्यक्ति करती हैं। वे अत्यंत सहजता से कहती हैं, 'रात सी नीरव व्यथा, तम सी अगम मेरी कहानी।' महादेवी की कविता की विशेषता है कि उनमें व्यक्त दुख और वेदना के स्वर आरोपित नहीं लगते, उनका वरण कवयित्री ने स्वयं किया है। उनका कहना है, 'हमारे असंख्य सुख हमें चाहे मनुष्यता की सीढ़ी तक भी न पँहुचा सकें, किंतु हमारा एक बूँद आँसू भी जीवन को अधिक मधुर, अधिक उर्वर बनाए बिना नहीं गिर सकता।'<br><br>महादेवी की वेदना का आधार नितांत वैयक्तिक न होकर आध्यात्मिक तथा मानवतावादी है। वे बौद्धधर्म की करुणा और छायावाद की दार्शनिकता से प्रभावित हैं। महादेवी ने दुख को एक आध्यात्मिक स्तर पर अभिव्यक्ति दी है। वे 'मैं क्यों पूछू यह विरह निशा, कितनी बीती क्या शेष रही?' द्वारा उसमें निमग्न रहना चाहती हैं। दूसरा स्वर मानव मात्र के प्रति करुणा का भाव व्यक्त करता है। वे मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षियों के प्रति भी सदय हैं, 'पथ न भूले एक पग भी, घर ने खोए लघु विहग भी' में प्राणिमात्र के मंगल की कामना है। उनकी कविता में वेदना का केवल व्यक्तिगत रूप ही नहीं समष्टिगत रूप भी है। वेदना के प्रति उनका आग्रह मोह की सीमा तक है। यह मोह उस अज्ञात तक पहुँचने का मोह है:<br><br>'तुमको पीड़ा में ढूँढा, तुममें ढूँढूंगी पीड़ा!'<br><br>पर यह विषाद जो उनकी कविता की मूल संवेदना है, नकारात्मक नहीं है। उनकी मान्यता है कि दुख के द्वारा न केवल जीवन को वरन मानवता को सुखी और समृद्ध बनाया जा सकता है:<br><br>'है पीड़ा की सीमा यह<br>दुख का चिर सुख हो जाना!' | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 2(b) | प्रकृति के प्रति गहरी आत्मीयता का संबंध छायावादी कवियों की विशेषता है। प्रकृति के प्रति छायावादी दृष्टि कौतूहल और रागात्मकता से भरी रही। महादेवी ने प्रकृति के हर स्वरूप में सौंदर्य के दर्शन किए हैं और उसका उपयोग अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए किया। वे प्रकृति में विराट सत्ता के दर्शन और उसके साथ रहस्यात्मक, रागात्मक संबंध स्थापित करती हैं। उनका मानना है, 'छायावाद ने मनुष्य के हृदय और प्रकृति के उस संबंध में प्राण डाल दिए, जो प्राचीन काल से बिम्ब-प्रतिबिम्ब के रूप में चला आ रहा था और जिसके कारण मनुष्य को अपने दुख में प्रकृति उदास और सुख में पुलकित जान पड़ती थी।' प्रकृति के मानवीकरण का श्रेष्ठ उदाहरण:<br><br>'धीरे-धीरे उतर क्षितिज से<br>आ वसंत रजनी!<br>तारकमय नव वेणी-बंधन,<br>शीशफूल कर शशि का नूतन<br>रश्मि वलय, सित घन अवगुंठन<br>मुक्ताहल अविराम बिछा दे चितवन से अपनी।'<br><br>इसके अतिरिक्त प्रकृति के रूपक द्वारा संवेदना की अभिव्यक्ति के उदाहरण 'मैं नीरभरी दुख की बदली' में दर्शनीय है। पूरी कविता में रूपक का निर्वाह करना उनकी कविता की विशेषता है। अपने जीवन का वर्णन नीरभरी दुख की बदली के रूपक से करते हुए उसकी परिपूर्णता कविता की अंतिम पंक्ति:<br><br>'परिचय इतना इतिहास यही<br>उमड़ी कल थी मिट आज चली।'<br>द्वारा किया गया है। जीवन की नश्वरता को बदली के उमड़कर बरस जाने से करके महादेवी एक अप्रतिम शब्दचित्र उकेर देती हैं। जीवन की नश्वरता वेदना के जल से भरे बादलों जैसी बताकर वे एक दार्शनिक भावना को अत्यंत सहजता से प्राकृतिक उपादान द्वारा वर्णित करती हैं।<br><br>छायावाद युग में आंतरिक वेदना को प्रकृति के माध्यम से अभिव्यक्ति देना महादेवी की कविता की विशेषता है। डॉ इंद्रनाथ मदान के शब्दों में, 'छायावादी काव्य में प्रसाद ने यदि प्रकृति तत्व को मिलाया, निराला ने मुक्त छंद दिया, पंत ने शब्दों को खराद पर चढ़ाकर सुडौल और सरस बनाया, तो महादेवी ने उसमें प्राण डाले।' | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3 | मैथिलीशरण गुप्त – साकेत | |
| 3(a) | प्रस्तुत गीत मैथिलीशरण गुप्त की प्रसिद्ध रचना 'साकेत' के नवम सर्ग से उद्धृत है। 'साकेत' की रचना करते समय गुप्त जी का मूल उद्देश्य महाकवि वाल्मीकि और तुलसीदास द्वारा उपेक्षिता उर्मिला के प्रति साहित्यिक न्याय करना था। उर्मिला का विरह 'साकेत' की सबसे महत्वपूर्ण घटना और उर्मिला-लक्ष्मण का संयोग-वियोग मुख्य कथा है। गुप्त जी की नारी के प्रति दृष्टि रोमानी न होकर मर्यादावादी और सांस्कृतिक रही है।<br><br>प्रस्तुत गीत में गुप्त जी ने उर्मिला के चरित्र की उदात्तता और विवेकशीलता दर्शाई है। उर्मिला एक स्वतंत्र चिंतक के रूप में चित्रित है, वह वियोग में विह्वल होकर भी विवेक को नहीं त्यागती है। लक्ष्मण के वियोग में व्याकुल उर्मिला विरह की अनुभूति में भी सकारात्मकता देखती है। उसको वियोग में भी काल्पनिक संयोग की अनुभूति होती है। उर्मिला के अनुसार जहाँ मन पर दुख का बोझ सा प्रतीत होता है वहीं जीवन की सार्थकता भी सिद्ध होती है। वह कहती है कि मैं घर के पिंजड़े में पड़ी हुई हूँ, पर मेरा मन कहीं भी उड़कर जाने को मुक्त है। विरह की अवधि अत्यंत कठिन है, पर प्रियतम से मानसिक मिलन होने से यह मेरे लिए अनुकूल है। तात्पर्य है कि लक्ष्मण प्रत्यक्ष रूप से उससे दूर हैं पर वह मानसिक रूप से उनसे निकटता का अनुभव कर सकती है और इसलिए विरह के लम्बी अवधि उसे सह्य और अनुकूल लगती है।<br><br>अगली पंक्तियों में उर्मिला वियोग में सकारात्मकता देखती हुई कहती है कि वियोग ने मुझे विनष्ट करने के प्रयत्न के साथ मेरा उपकार भी किया है। मैं विरह में सुध-बुध खोकर भी जानती हूँ कि वियोग की कितनी अवधि व्यतीत हो चुकी है और अब कितनी शेष है। कवि का आशय यह है कि उर्मिला लक्ष्मण के लौटने की घड़ी की प्रतीक्षा में दिन बिता रही है।<br><br>विरह ने उसको जीवन-दर्शन दिया है। वह सोचती है कि व्यक्ति के मनोभाव उसकी परिस्थिति के अनुसार बदलते हैं। जीवन जो सबको अत्यंत प्रिय लगता है वही वियोग में एक बोझ जैसा लगता है और मृत्यु जिसे सब हेय समझते हैं वही कभी-कभी वांछनीय लगने लगती है। उर्मिला को लगता है कि उसके अंतःकरण में विरह की आग भी थी और आँसुओं की धारा भी। विरह की आग और आँसुओं की धारा में विरोधाभास अलंकार द्वारा कवि उर्मिला के मनोभावों को व्यक्त करते हैं। उसके विरह संतप्त हृदय को अश्रुजल शांत करते हैं। वह कहती है कि अभी तक मैं समझती थी कि हृदय में केवल प्रियतम रहते हैं, लेकिन विरह में यह आभास हुआ कि मेरे भीतर भावनाओं का एक संसार भी है। अर्थात विरह की अनुभूति व्यक्ति को अपनी आंतरिक संवेदना से साक्षात्कार कराती है।<br><br>प्रस्तुत गीत में उर्मिला के कथन में गुप्त जी ने विरोधाभास अलंकार द्वारा उर्मिला के चरित्र की महानता चित्रित की है। वह कठिन समय और नकारात्मक अनुभवों में भी अपनी सकारात्मक जीवन दृष्टि बनाए रखती है। | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | मैथिलीशरण गुप्त की अमर कृति 'साकेत' एक महाकाव्य है। इसका प्रथम प्रकाशन सन् 1931 में हुआ था। इसके लिए उन्हें 1932 में मंगलाप्रसाद पारितोषिक प्राप्त हुआ था। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के उपेक्षिता उर्मिला विषयक लेख से प्रेरित होकर मैथिलीशरण गुप्त ने 'साकेत' की रचना की। उसके पहले कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर ने बंगला साहित्य में रामकथा के अंतर्गत उर्मिला की उपेक्षा पर ख़ेद व्यक्त किया था। राम-भक्त गुप्त जी ने वाल्मीकि और तुलसी की परम्परा से चली आई कथा में अनेक मौलिक उद्भावनाएँ कीं जिनमें सबसे प्रधान बात यह है कि 'साकेत' में राम और सीता की कहानी प्रासंगिक और उर्मिला के त्याग की कहानी प्रमुख हो गई। गुप्त जी भारतीय संस्कृति के आख्याता हैं उर्मिला के रूप में उन्होंने भारतीय नारी के त्याग, आदर्श और आशावादिता को मूर्त किया है।<br><br>मैथिलीशरण गुप्त की भाषा पर विचार करने से पहले उस युग की साहित्यिक अभिव्यक्ति के माध्यम को जानना आवश्यक है। गुप्त जी आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी के समकालीन और द्विवेदी युग के प्रमुख कवि हैं। द्विवेदी-युग के कवि मुख्य रूप से ब्रजभाषा में कविता लिख रहे थे। ब्रजभाषा के माधुर्य की तुलना में खड़ीबोली शुष्क और काव्यरचना के अनुपयुक्त समझी जाती थी। द्विवेदी जी की प्रेरणा से गुप्त जी ने खड़ीबोली में काव्यरचना करके उसे कविता की भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने का महत्वपूर्ण काम किया। इस संक्रमण काल में खड़ीबोली के स्वरूप निर्धारण में गुप्त जी का योगदान एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जिसकी परिणति महात्मा गाँधी द्वारा उन्हें 'राष्ट्रकवि' के पद से गौरवांवित किया जाना था। गुप्त जी ने खड़ी बोली को उसकी प्रकृति के भीतर ही सुंदर रूप देकर उसमें काव्य रचना करने का सफल प्रयत्न किया और परवर्ती साहित्यकारों के लिए एक आदर्श स्थापित किया। खड़ी बोली को हिंदी साहित्य सृजन की मान्यता प्रदान करने में गुप्त जी का प्रमुख स्थान है। गुप्त जी की भाषा की सफलता का प्रमाण है कि उनके परवर्ती कवियों ने ब्रजभाषा को छोड़कर खड़ी बोली को ही अपनी अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया।<br><br>मैथिलीशरण गुप्त का खड़ी बोली पर पूर्ण अधिकार है। भावों को अभिव्यक्त करने के लिए गुप्त जी के पास अत्यन्त व्यापक शब्दावली है। उनकी प्रारम्भिक रचनाओं की भाषा की खड़खड़ाहट और साहित्यिक सौन्दर्य की कमी 'साकेत' में विकसित और सरस हो गई। उसमें संस्कृत के शब्दों की बहुलता से अभिव्यंजना शक्ति में वृद्धि हुई है। भाव व्यञ्जना को स्पष्ट और प्रभावपूर्ण बनाने के लिए संस्कृत का सहारा लिया गया है। संस्कृत के साथ गुप्त जी की भाषा पर प्रांतीयता का भी प्रभाव है। उनकी भाषा की विशेषता प्रसाद गुण है जिसके कारण 'साकेत' में भावों को संप्रेषणीय बनाने की क्षमता है। उनका काव्य भाव तथा कला पक्ष दोनों की दृष्टि से सफल है।<br>शैलियों के निर्वाचन में मैथिलीशरण गुप्त ने विविधता दिखाई, किन्तु प्रधानता प्रबन्धात्मक और इतिवृत्तात्मकशैली की है। इसके अतिरिक्त 'साकेत' में विवरण शैली, और गीत शैली का प्रचुरता से प्रयोग किया गया है। विरहिणी उर्मिला की संवेदना को गीत शैली में भावप्रवणता से व्यक्त किया है: | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 3(b) | वेदने तू भी भली बनी।<br>पाई मैंने आज तुझी में अपनी चाह घनी।'<br>प्रबंधकाव्य की परिभाषा के अनुरूप विविध छंदों का प्रयोग किया गया है। हरिगीतिका छंद गुप्त जी का प्रिय छंद है। नाटकीय शैली द्वारा पात्रों के पारस्परिक वार्तालाप से कथानक का विकास करने के सुंदर उदाहरण पाए जाते हैं:<br>'हे भरत भद्र अब कहो अभीप्सित अपना',<br>सब सजग हो गए भंग हुआ ज्यों सपना।<br>'हे आर्य रहा क्या भरत अभीप्सित अब भी?<br>मिल गया अकंटक राज्य उसे जब, तब भी?'<br>खड़ी बोली को काव्योचित प्रांजलता प्रदान करने के लिए गुप्त जी ने अनुप्रास, श्लेष, पुनरुक्ति आदि अलंकारों का बहुलता से प्रयोग किया है।<br>'अवध को अपनाकर त्याग से<br>वन तपोवन-सा प्रभु ने किया।<br>भरत ने उनके अनुराग से<br>भवन में वन का व्रत ले लिया।'<br>'अवध को अपनाकर' में अनुप्रास, 'अपनाकर त्याग में' में विरोधाभास, 'वन तपोवन-सा' में 'वन' की पुनरावृत्ति से यमक और तपोवन सा में उपमा अलंकार के उदाहरण गुप्त जी की भाषा की दक्षता प्रमाणित करते हैं।<br>किंतु इन सभी शैलियों में गुप्त जी को समान रूप से सफलता नहीं मिली। तुकांत रचना के आग्रह के कारण कहीं-कहीं काव्य-सौंदर्य को क्षति पहुँची है। पर यह उस युग की सीमा है, हिंदी कविता को छंद के बंधन से मुक्त करने का काम उनके बाद छायावादी कवियों ने किया।<br>उनकी शैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसमें इनका व्यक्तित्व झलकता है। 'साकेत' की भाषा में खड़ी बोली का प्रौढ़ और शिष्ट रूप झलकता है। | |

© UCLES 2023

https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| | <u>भाग **2**</u> | |
| 4 | स्कन्दगुप्त – जयशंकर प्रसाद | |
| 4(a) | हिंदी साहित्य में जयशंकर प्रसाद का विशिष्ट स्थान है। उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से कविता, कहानी, उपन्यास, लेख और नाटकों की रचना से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। स्कंदगुप्त प्रसाद का सर्वश्रेष्ठ नाटक है और उसके मुख्य पात्र स्कंदगुप्त का चरित्र-चित्रण हिंदी नाट्य साहित्य की महान उपलब्धि। पात्रों के चरित्र-चित्रण की उत्कृष्टता पर ही नाटक की सफलता आधारित है। डॉ नगेंद्र के शब्दों में, 'प्रसाद में पात्रों में प्राण फूंक देने वाली प्रतिभा की सजीवता अद्वितीय थी।'<br><br>स्कंदगुप्त एक ऐतिहासिक पात्र है। ऐतिहासिक पात्रों के चरित्र चित्रण संबंधी कुछ सुविधाओं और सीमाओं का पालन करते हुए प्रसाद ने एक जीवंत चरित्र की रचना की है। नाटक के रंगमंच पर सबसे अधिक प्रभावशाली अधिकार स्कंदगुप्त का है। नाटक का प्रारंभ होता है उसके वार्तालाप से और समाप्त होता है देवसेना के साथ उसकी बातचीत से। नाटक की घटनाओं से वह सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।<br><br>मगध सम्राट कुमारगुप्त की बड़ी रानी देवकी का पुत्र स्कंदगुप्त राज्य का अधिकारी होने पर भी छोटी रानी द्वारा अपने पुत्र पुरगुप्त को सिंहासन दिलाने के षड़यंत्र के कारण अपने अधिकार के प्रति उदासीन है। उसे राज्य नहीं चाहिए। उसके कथन, 'अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है। ...जो कुछ हो हम तो साम्राज्य के एक सैनिक हैं।' द्वारा उसके चरित्र की विशेषता झलकती है। राज्य के अधिकार की अभिलाषा न रखते हुए भी वह उसकी रक्षा एक वीर और निस्वार्थ सैनिक के रूप में करने को कटिबद्ध है। स्कंदगुप्त आर्य साम्राज्य का उद्धारक है। उसके सभी कार्य राष्ट्र-प्रेम की प्रबल भावना से प्रेरित हैं। राष्ट्र की रक्षा के लिए वह भीतरी और बाहरी षड़यंत्रों से घिरे साम्राज्य को हूणों के हाथ में जाने से बचाने के लिए वीरता और कौशल से उनका सामना कर अपना संकल्प पूरा करता है। वह 'आशा का ध्रुव नक्षत्र' है जिसने आंतरिक षड़यंत्रों को शांत किया, देश को आक्रमणकारियों से मुक्त किया और अपनी महान उदारता से प्राप्त सिंहासन को अपने विरोधी और विमाता-पुत्र पुरगुप्त को सौंप दिया।<br><br>संस्कृत नाट्यशास्त्र की परिभाषा के अनुसार वह धीरोदात्त नायक है। स्कंदगुप्त वीर, निरभिमानी, गंभीर, धैर्यवान, कर्तव्यपरायण, स्वावलम्बी, उदार, विनीत, दृढ़-संकल्पी, व्यवहारकुशल, मृदुभाषी और शीलवान है। वह निर्लिप्त भाव से संघर्ष करता है और अंत में अपने अतुलनीय पराक्रम से अर्जित साम्राज्य को पुरगुप्त को देकर पूर्णतः निष्काम हो जाता है। रामा के शब्दों में वह 'रमणियों का रक्षक, बालकों का विश्वास, वृद्धों का आश्रय और आर्यावर्त की छाया' है। | **25** |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(a) | स्कंदगुप्त अपनी माता का अनन्य भक्त है, पर अपनी विमाता के जघन्य अपराध को भी क्षमा कर देना उसकी क्षमाशीलता का उदाहरण है। वह उदार भी है, मातृगुप्त को कश्मीर का शासक नियुक्त करना तथा साध्वी रामा की अटल स्वामी-भक्ति के फलस्वरूप उसके पति शर्वनाग के जघन्य अपराधों को क्षमा कर उसे अंतर्वेद का विषमपति बनाना उसकी उदारता का ही परिचायक है। उसकी उदारता की चरम सीमा का चरम उदाहरण पुरगुप्त को साम्राज्य दान देने में है। स्कंदगुप्त के चरित्र में एक दार्शनिक की सी गरिमा है। वह अपने लिए, 'बौद्धों का निर्वाण, योगियों की समाधि और पागलों की संपूर्ण विस्मृति' की कामना करता है। पर यह कामना उसको निष्क्रिय नहीं बनाती। सुख के प्रति उदासीनता के बावजूद वह साम्राज्य की रक्षा के लिए युद्ध करता है।<br><br>स्कंदगुप्त के जीवन का एक संवेदनशील पक्ष भी है। वह प्रथम दर्शन में ही विजया के प्रति आकृष्ट हो जाता है, परंतु अपनी प्रेमभावना को अपने मन तक ही सीमित रखता है। विजया जब भटार्क का वरण करती है तो उसके हृदय में हलचल सी मच जाती है, पर वह 'विजया यह तुमने क्या किया?' कहकर मौन हो जाता है। वह अपनी भावना को दमित करता है। उसका प्रेम उसके स्वभाव के अनुसार गंभीर है। बाद में जब विजया देवसेना की हत्या के प्रयत्न में सहयोग देती है, उसकी प्रकृति की वास्तविकता जानने पर वह उसको अपने प्रेम के अयोग्य समझता है। विजया के प्रति प्रारंभिक प्रेमभावना के कारण वह देवसेना की प्रणय भावना के प्रति अनभिज्ञ है। अंत में देवसेना की कर्तव्य भावना तथा उसके भाई बंधुवर्मा के बलिदान का प्रतिदान 'जीवन के शेष दिन, कर्म के अवसाद से बचे हुए दुखी लोग, एक दूसरे का मुँह देखकर काट लेने' का प्रस्ताव करता है। पर उसे निराशा ही मिलती है, देवसेना उससे प्रेम करती है, पर 'उस समय आप विजया का स्वप्न देखते थे' और 'क्षणिक सुखों का अंत न हो इसलिए सुख करना ही न चाहिए' कहकर उसे नहीं स्वीकारती है। अंत में स्कंदगुप्त आजीवन ब्रह्मचारी रहकर एकाकी जीवन व्यतीत करने का निश्चय करता है। स्कंदगुप्त के चरित्र में प्रसाद ने एक धीरोदात नायक के सभी गुणों को संयोजित किया है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | प्रसाद के नाटकों में स्कंदगुप्त का विशिष्ट स्थान है। इस ऐतिहासिक नाटक में जयशंकर प्रसाद ने गुप्तकालीन सांस्कृतिक, राजनैतिक और सामाजिक वातावरण को सम्यक रूप से चित्रित किया है। ऐतिहासिक घटनाओं के विवरण के कारण इसकी गणना ऐतिहासिक नाटक के रूप में की जाती है, साथ ही कुछ काल्पनिक पात्रों और प्रसंगों और गीतों में प्रसाद के कवित्व की मुहर स्पष्ट रूप से परिलक्षित है जिसके फलस्वरूप नाटक की रोचकता और प्रभावशीलता में वृद्धि हुई है। नाट्यशास्त्र में नाटक में द्वंद्व का होना आवश्यक माना गया है। द्वंद्व यदि बाहरी प्रवृत्तियों, व्यक्ति या स्थितियों में हो या हृदय की दो विरोधी प्रवृत्तियों में, नाटक की कथावस्तु में उसका अप्रतिम स्थान है। जयशंकर प्रसाद एक सफल नाटककार हैं और 'स्कंदगुप्त' उनका सर्वश्रेष्ठ नाटक है। 'स्कंदगुप्त' नाटक की कथावस्तु में बाह्य और आंतरिक द्वंद्व का समन्वय अत्यंत कुशलता से चित्रित किया गया है। वस्तुतः 'स्कंदगुप्त' के प्रत्येक अंक के प्रत्येक दृश्य में संघर्ष की प्रधानता है, चाहे वह संघर्ष बाह्य शक्तियों, पारिवारिक षड़यंत्रों, ब्राह्मणों और बौद्धों के बीच या विजया, देवसेना और स्कंदगुप्त की आंतरिक भावनाओं का हो, नाटक के घटनाक्रम उन्हीं से परिचालित हैं। सबका समाधान नाटक के अंत में होता है।<br><br>नाटक के आरंभ में ही स्कंद का कथन, 'अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन है', उसके मन की द्वंद्वात्मक स्थिति का आभास देता है। महाराज की बड़ी रानी देवकी का पुत्र होने के कारण वह राज्य का उत्तराधिकारी है, पर छोटी रानी अनंतदेवी अपने पुत्र पुरगुप्त को वह अधिकार दिलाने के लिए षड़यंत्र कर रही है। यहीं से नाटक में संघर्ष और द्वंद्व का सूत्रपात होता है। स्कंदगुप्त इस षड़यंत्र को अपनी दुर्बलता समझ कर कहता है, 'पर अपने को नियामक और कर्ता समझने की बलवती स्पृहा उससे बेगार कराती है।' पर उसके सामने बाहरी आक्रमणों से राष्ट्र को सुरक्षित रखना अधिक महत्वपूर्ण है। वह राष्ट्र की बाह्य और आंतरिक संघर्षों से घिरी हुई स्थिति से अवगत है, साथ ही स्वयं को कर्ता या नियामक नहीं बल्कि एक सैनिक के रूप में देखता है। गुप्त साम्राज्य की स्थिति बड़ी गंभीर है। गृहकलह, सम्राट की कामुकता, महाबलाधिकृत वीरसेन की असामयिक मृत्यु और बर्बर हूणों के लगातार आक्रमणों के कारण साम्राज्य और आश्रित राष्ट्रमंडलों की रक्षा का प्रश्न जटिल हो गया। इसके साथ पारिवारिक कलह, महाराज की दूसरी पत्नी अनंतदेवी, भटार्क और पुरगुप्त के षड़यंत्र नाटक में संघर्षमय वातावरण की सृष्टि करते हैं जिनका निवारण करना स्कंदगुप्त और उसके सहयोगियों का लक्ष्य है।<br><br>प्रसाद ने प्रथम अंक में इन विषमताओं का आभास अत्यंत संयत रूप से दिया है। अनंतदेवी, भटार्क और पुरगुप्त के कुचक्र से सम्राट का निधन और साम्राज्य के परम हितैषी पृथ्वीसेन, महाप्रतिहार और दंडनायक की आत्महत्या से विचलित होने की जगह स्कंदगुप्त कर्तव्योन्मुख होकर मालवरक्षा में सन्नद्ध होता है। मालव पर शत्रु सेनापति के आधिपत्य को जयमाला और देवसेना की सहायता से भी रोकता है। स्कंदगुप्त शत्रुओं को परास्त कर उन्हें बंदी बनाता है। संघर्ष और शौर्य का चित्रण अत्यंत प्रभावशाली है। | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 4(b) | षड़यंत्र और युद्ध की आधिकारिक कथा के समानांतर स्कंदगुप्त, विजया और देवसेना के प्रेमप्रसंग के आंतरिक द्वंद्व की प्रासंगिक कथा गुथी हुई है। प्रथम दर्शन में विजया के प्रति स्कंद के आकर्षण से इसका सूत्रपात होता है। धीरे-धीरे आधिकारिक कथा के साथ प्रासंगिक कथा विकसित होती है। स्कंदगुप्त की आंतरिक भावना उसको अपने कर्तव्य-पथ से तनिक भी विमुख नहीं करती पर विजया के प्रति उसकी प्रेम भावना भी अक्षुण्ण है। विजया स्कंदगुप्त से प्रेम करती है, पर उसके विराग भाव को देखकर उसकी चंचल प्रवृत्ति भटार्क का वरण करती है। बंदी देश में भटार्क के साथ विजया को देखकर जब स्कंद आश्चर्यचकित होकर, 'विजया यह तुमने क्या किया?' कहता है तो 'विजया तू हार कर भी जीत गई' कहकर देवसेना अपने प्रेम की पराजय स्वीकार करती है। स्कंदगुप्त की प्रतिक्रिया से देवसेना स्कंद के प्रति अपने कोमल मनोभाव दमित कर देश के प्रति कर्तव्यपालन के उदात्त लक्ष्य के लिए कटिबद्ध होती है। प्रसाद ने इस आंतरिक द्वंद्वात्मक स्थिति को अत्यंत भावप्रवण रूप से दिखाया है। प्रेम में निराश देवसेना ने नकारात्मकता की ओर उन्मुख होने की जगह अपने देशप्रेमी भाई बंधुवर्मा की मृत्यु के बाद उसके स्थान पर राष्ट्र रक्षा में संलग्न होकर व्यक्तिगत प्रेम की विफलता को देशप्रेम की उदात्त भावना में परिणित करने का आदर्श स्थापित किया है। उसके चरित्र की यह विशेषता प्रसाद की सकारात्मक जीवन दृष्टि को रेखांकित करती है।<br><br>एक दूसरे स्तर पर विजया का जीवन भी द्वंद्व से परिपूर्ण है। पर उसके मन का द्वंद्व स्वार्थ से प्रेरित है। उसकी वास्तविकता जानने पर स्कंदगुप्त उससे विमुख होकर देवसेना के प्रति अपना दायित्व स्थिर कर लेता है। देवसेना को प्रेम में प्रतिद्वंद्वी समझ कर विजया द्वारा उसके वध की चेष्टा को स्कंदगुप्त विफल करता है। अपनी मृत्यु निकट जानकर देवसेना अपने प्रेम की अभिव्यक्ति करती है। इस घटना से स्कंदगुप्त के मन में विजया के प्रति विरक्ति और देवसेना के प्रति अनुरक्ति सुदृढ़ होती है। विजया से यदि स्वर्ग भी मिले तो वह लेने को तैयार नहीं और देवसेना मूल्य देकर प्रणय नहीं लेना चाहती इसलिए नाटक के अंत में अपनी प्रबल प्रेमभावना पर नियंत्रण कर वह स्कंद के प्रस्ताव को 'कष्ट हृदय की कसौटी है, तपस्या अग्नि है ...जिसमें सुखों का अंत न हो, इसलिए सुख करना ही न चाहिए' कहकर अस्वीकार करती है और हतभाग्य स्कंदगुप्त अकेला ही रह जाता है। इस प्रकार नाटक में प्रारंभ से अंत तक आंतरिक और बाह्य स्तर के द्वंद्व की स्थिति का सफलता से निर्वाह किया गया है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5 | आधुनिक कहानी संग्रह – संपादक सरोजिनी शर्मा | |
| 5(a) | मृणाल पाण्डे हिंदी की सुपरिचित संवेदनशील कथाकार हैं। उनकी कहानियाँ जीवन के अनुभव से लिखी गई होने के कारण सहज और मर्मस्पर्शी बन पड़ी हैं।<br>'दुर्घटना' कहानी एक ओर पुरानी परंपराओं से जुड़ी हुई है और दूसरी ओर पारिवारिक अंतःसूत्रों से कटी हुई तथाकथित आधुनिकता से संबद्ध वैभव- सम्पन्न ज़िंदगी का चित्रण है। इन दोनों के आपसी टकराव के फलस्वरूप संबंधों के खोखलेपन के संवेदनशील चित्रण ने कहानी को अत्यंत मर्मस्पर्शी बना दिया है।<br><br>कहानी की कथावस्तु एक संक्षिप्त घटना पर आधारित है जिसके सहारे एक महत् सामाजिक दुर्घटना का मार्मिक चित्रण है। सड़क पर चलते हुए एक गाड़ी के नीचे आकर बाबूजी मर गए। संक्षिप्त सी क्रिया हुई, बाबूजी की सड़क दुर्घटना में हुई दर्दनाक मौत का विवरण कहानी के प्रारंभ में, 'वह बड़ी सी गाड़ी एक मर्द और एक औरत के जोड़े को लेकर कहीं से आ रही थी कि बाबूजी सामने पड़ गए। रात का समय था। गाड़ी तेज़ी से आरही थी, कुचलती हुई चली गई। बाबूजी मर गए।' जैसे छोटे-छोटे वाक्यों में समेट दिया हैं। वक्त नहीं था कि बड़े भाई और अन्य परिचितों को खबर की जाती। अंतिम क्रिया के बाद में सबको फोन पर खबर देने पर बड़े भैया ने केवल बाबूजी के सामान को सलटाने की बात की। बाबूजी के सामान में से उनकी रुचि उनकी याद को संजोने वाली चीजों में नहीं बल्कि पुरानी मूर्ति या ताम्रपत्र में है। यह प्रसंग बड़े भैया की मानसिकता को उजागर करता है। साथ ही पिता की आकस्मिक मृत्यु पर बड़े भैया का दुख के दो शब्द तक न व्यक्त कर पाना पाठक की संवेदना को आघात पँहुचाता है। | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(a) | कहानी की कथावस्तु की कसावट इसमें है कि लेखिका या कथावाचक को कुछ टिप्पणी करने की ज़रूरत नहीं होती, घटनाक्रम स्वयं ही पाठक की संवेदना को विचलित कर देता है। चलचित्र की सजीवता की तरह अतीत की स्मृतियाँ एक-एक करके जीवंत होती जाती हैं। बचपन में माँ का अपने बेटों के उज्ज्वल भविष्य की आकांक्षा से गाँव छोड़कर जाना, उच्च अध्ययन के लिए बड़े भैया का विदेश जाकर मनपसंद लड़की से विवाह करके अलग रहना और अंत में भाभी की गाड़ी के नीचे आकर अपने बाबूजी की मृत्यु की घटना को जैसे कथावाचक दैनिक अख़बार के पत्रकार की सी तटस्थता से वर्णित करता है। कहानी का अंत आधुनिक वैभवशाली मनोवृत्ति के खोखलेपन को रेखांकित करता है। कथावाचक जब भाभी को पिता की मृत्यु की सूचना देने उनके घर जाता है तो भाभी पहले तो देवर को पहचान नहीं पाती है और बाबूजी के उनकी गाड़ी के नीचे आकर मर जाने की सूचना पर उसका पहला प्रश्न, 'क्या पिए हुए थे ज़्यादा?' और फिर यह जानने पर कि वे उसी की गाड़ी के नीचे आकर मर गए, औपचारिक रूप से ख़ेद प्रकट करके 'भला उतनी रात बिना पारपथ के, चलती सड़क उन्होंने हरी बत्ती पर कैसे पार की? वेरी इररिस्पॉंसिबल!' कहकर दुर्घटना के लिए उन्हीं को उत्तरदायी करार कर देती है। बाबूजी की जान से अधिक चिंता उसे अपनी गाड़ी के मडगार्ड के पिचक जाने की है। कथावाचक की प्रतिक्रिया, 'संभव है कि यह मेरे भाई की बीबी नहीं है, संभव है कि मैं ही अपने भाई का भाई नहीं हूँ! या अपने बाप की औलाद।' देवर भाभी के बीच आंतरिकता का नितांत अभाव और इतने बड़े हादसे से अपने ससुर की मृत्यु की सूचना से नितांत असंपृक्त रहना पारिवारिक सम्बंधों के विघटन को रेखांकित करता है। तथाकथित आधुनिकता और वैभव का मुलम्मा चढ़ने पर पारिवारिक सम्बन्ध किस तरह से फीके पड़ सकते हैं। आधुनिकता ने मानवीय मूल्यों और संवेदना को किस तरह से चकनाचूर कर दिया है, 'दुर्घटना' कहानी इसका एक मार्मिक दस्तावेज़ और सड़क पर हुई दुर्घटना से भी कहीं बड़ी और दुःखद दुर्घटना है।<br><br>मृणाल पाण्डे ने आधुनिकता और वैभव के भीतर से मानवीय संवेदना और जीवनमूल्यों के विघटन को अत्यंत कुशलता से प्रस्तुत किया है। कहानी का कथ्य मर्मस्पर्शी और शिल्प सुघटित है। 'दुर्घटना' कहानी एक ओर पुरानी पारिवारिक पारम्पराओं और संस्कारों की मानसिकता से जुड़ी हुई है और दूसरी ओर पारिवारिक अंतःसूत्रों से कटी हुई तथाकथित आधुनिकता से संबद्ध वैभव-संपन्न ज़िंदगी के ताने-बाने से बुनी गई है। इन दोनों में जब टकराव हो तो 'दुर्घटना' तो अवश्यंभावी है। मृणाल पाण्डे ने इस सामाजिक त्रासदी को इस कहानी में सशक्त रूप से चित्रित किया है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | हिन्दी कथा साहित्य की परम्परा में प्रेमचन्द का एक विशिष्ट स्थान है। प्रेमचंद के साहित्य की मूल संवेदना यथार्थवादी है। प्रेमचंद ने अपने कथा साहित्य में ग्रामीण जीवन की विषमता का अत्यंत आधिकारिक रूप से चित्रण किया है। आजीवन परिश्रम करने वाला गरीब किसान जमींदार और साहुकार के ऋण के नीचे दबा हुआ भूखा ही रहता है, इस वास्तविकता से वे भली भाँति अवगत थे। उन्होंने अपनी यथार्थवादी दृष्टि से कृषक-जीवन के संघर्ष और उत्पीड़न को दरिद्र किसान हल्कू के अभावग्रस्त जीवन के मार्मिक चित्रण द्वारा किया है। 'पूस की रात' के गरीब किसान हल्कू की कहानी किसानों के जीवन की असलियत से साक्षात्कार कराती है। हल्कू एक मेहनती और ईमानदार किसान है उसने एक-एक पाई जोड़कर सर्दी से बचने के लिए कम्बल खरीदने के लिए तीन रुपये बचाए, किंतु अचानक सहना ने आकर अपने कर्ज़ का तकाजा किया और अपनी पत्नी मुन्नी की असहमति के बावजूद उसने वे रुपये सहना को दे दिए। 'उसका मस्तक अपनी दीनता के भार से दबा जा रहा था' द्वारा प्रेमचन्द ने उसकी मनःस्थिति का सजीव वर्णन किया है। उसके इस व्यवहार से उसके संघर्षमय जीवन और चारित्रिक विशेषताएँ – अभावों के नीचे दबे रहने पर भी अपना आत्मसम्मान बनाए रखने की चेष्टा और निःस्वार्थ भाव परिलक्षित होते हैं। उसे सहना की घुड़की खाने की अपेक्षा सर्दी की रात में खेत पर ठिठुरना स्वीकार है।<br><br>हल्कू नीयत का साफ है, सहना से लिए उधार को चुकाने के लिए अपनी मेहनत से जमा की हुई कमाई देने से नहीं हिचकता है चाहे इसके लिए उसे अपनी पत्नी का भी विरोध करना पड़े। रात के समय नीलगायों से खेत की निगरानी करने के लिए वह पूस की कड़कती ठंड में खेत पर रात बिताता है। वह अपने कुत्ते जबरे के साथ खेत पर पत्तों की छतरी के नीचे ठंड से काँप रहा है। जबरे के प्रति उसका व्यवहार उसके मानवीय पक्ष को रेखांकित करता है। जबरा उसके लिए एक जानवर भर नहीं, उसके सुख-दुख का साथी है। स्वयं सर्दी से ठिठुरते समय उसे जबरे कि चिंता सताती है, वह जबरा से कहता है, 'क्यों जबरा जाड़ा लगता है? कहा तो था, घर पर पुआल पर लेट रह तो यहाँ क्या लेने आए थे?' जबरा को सर्दी से बचाने के लिए उसे अपनी गोद में सुलाना उसकी वात्सल्य भावना का उदाहरण है। कुत्ते के शरीर से आती दुर्गंध के बावजूद वह उसे प्रेम से चिपटाए रखता है।<br><br>सर्दी से छुटकारा पाने के लिए वह आठ बार चिलम भी पी चुका पर पूस की रात की कड़ाके की सर्दी पर उसका कोई असर नहीं हुआ। सोने का प्रयास किया, जबरा को अपने पास सुला लिया, पर जाड़े से त्राण नहीं मिला। ठिठुरते हुए हल्कू ने सूखे पत्ते बटोरकर जलाए तब कुछ राहत मिलने पर वहीं आलस्य में पड़ा रहा, नील गाएँ खेत चरती रहीं। इस घटना के वर्णन के पीछे हल्कू के चरित्र का मानवीय पक्ष उजागर होता है। यह जानते हुए भी कि नील गाय उसका खेत, जिसकी निगरानी करने के लिए वह पूस की ठिठुरती रात खेत में बिता रहा है, उजाड़ देंगी आलस्य से घिरी मानसिक दुर्बलता वश वह उठकर नीलगाय को नहीं भगाता है। प्रेमचंद ने इस प्रसंग द्वारा मानव मन की आधारभूत दुर्बलता का मनोवैज्ञानिक चित्रण किया है। सर्दी की रात में किसी तरह थोड़ी सी गरमाई मिलने पर आँख लग जाने पर कर्तव्यबोध न होना एक मानवीय दुर्बलता का उदाहरण है। | 25 |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 5(b) | हल्कू के चरित्र का एक अन्य पक्ष उसके भीतर का बालसुलभ खिलाड़ीपन है। उसके भीतर का बालक सूखे पत्तों के अलाव जला कर जबरे के साथ उसके पार कूदने के प्रसंग में चित्रित है। वह कठिन परिस्थिति से परास्त होने की अपेक्षा मन बहलाने के उपाय सोचता है। पूरी रात ठण्ड से ठिठुरे शरीर को थोड़ी सी गर्माहट मिलने पर जानवरों के झुण्ड के आने और खेत चरे जाने की आहट सुनकर भी उसे 'जाड़े-पाले में खेत में जाना असह्य जान पड़ा।' सुबह पत्नी ने आकर जगाया और बताया कि रात को जानवर खेत चर गए और अब मजूरी करके मालगुज़ारी भरनी होगी। उत्तर में हल्कू प्रसन्नता से कहता है, 'रात को ठण्ड में सोना तो न पड़ेगा' हल्कू के चरित्र के माध्यम से शीत के भयंकर प्रकोप से मुक्त होने की संभावना सारे कष्टों के सामने तुच्छ समझने वाले मानव स्वभाव का मनोवैज्ञानिक चित्रण हल्कू को भारतीय किसान का जीवंत चरित्र और 'पूस की रात' को एक सर्वकालिक विशिष्ट कहानी बनाता है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6 | मॉरिशसीय हिंदी कहानियाँ – सम्पादक: अभिमन्यु अनत | |
| 6(a) | पुष्पा बम्मा मॉरिशस की एक सशक्त कहानीकार हैं और 'फिसलन' मॉरिशस के सामाजिक जीवन में होने वाली विषमताओं की कई परतों की पड़ताल करने वाली एक सफल कहानी है। इस कहानी के माध्यम से लेखिका ने किशोरावस्था से युवावस्था में संक्रमण करने वाले व्यक्ति की मानसिक स्थिति का विश्लेषण किया है और इस दृष्टि से यह केवल मॉरिशस ही नहीं किसी भी देश और काल की कहानी हो सकती है।<br><br>'फिसलन' की कथावस्तु का केंद्रबिंदु रिकेश एक ऐसा युवा है जिसके सामने न तो वर्तमान की कोई योजना है और न ही भविष्य का कोई लक्ष्य। कहानी संग्रह की भूमिका में अभिमन्यु अनत का कथन, 'इन कहानियों में अस्मिता की लड़ाई है' सटीक लगता है। 'फिसलन' एक ऐसे युवक की कहानी है जिसके सामने जीवन की कोई रूपरेखा नहीं है, परिस्थितियाँ ही उसका जीवन निर्धारित करती हैं। परिस्थितियाँ चाहे अनुकूल हों या प्रतिकूल उसके मन की अतृप्ति बनी ही रहती है। कहानी की मूल संवेदना यह रेखांकित करना है कि अतृप्ति, अवसाद और अकेलेपन की भावनाएँ अंतर्मन की संवेदना हैं और केवल बाहरी परिस्थितियों को बदल देने से उनसे छुटकारा नहीं मिलता।<br><br>कहानी का आरंभ रिकेश के असंतुष्ट पारिवारिक जीवन के वर्णन से होता है। वह अपने ही घर में पिता के हर बात में दख़ल करने, घर या बाहर कहीं भी अपने मन की बात न कह पाने की विवशता से क्षुब्ध और कुंठित है। बात-बात पर पिता की नसीहतें जब उसकी सहन-शक्ति के बाहर हो गईं तब वह घर छोड़ कर निकल पड़ा। अपना घर ही नहीं पूरे टापू में जैसे उसका दम घुटने लगा। पुष्पा बम्मा ने युवा मन की घुटन की संवेदना का सजीवता से चित्रण किया है। घर से तो निकल गया, पर वह नितांत कांदिशीक है, 'भाग कर कहाँ जाए? कहीं भी अनजान निर्जन स्थान नहीं अपने को खो देने के लिए। ...अपने युवा मन को संतुष्ट करने के लिए।' रिकेश आत्मविश्वास और आत्मसम्मान से शून्य एक ऐसा युवा है जो 'माँ-बाप, भाई-बहन, हित-मित्र क्या वह ख़ुद अपने आपके सामने एक गिरा हुआ इंसान लगता है।' जिसको अपने चारों तरफ़ अंधेरा ही दिखलाई देता है और अंधेरे से बाहर निकलने का कोई रास्ता न दिखलाई देने पर जीवन का अंत कर देने तक के पलायनवादी विचार उसके मन को घेरते हैं। | **25** |


https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(a) | निरुद्देश्य भाव से चलते हुए ग्राण्ड-रिवर के पुल पर पँहुचने पर नदी के किनारे बँधी नौका को देख कर उसे लगा कि उसका आक्रोश सूर्यास्त के साथ डूब गया। पास के होटल की धूलभरी फर्श पर पुराने अखबार पर सोकर रात बिताने के बाद पास के खेत में बकरियाँ चराने वाली लड़की मेली से संक्षिप्त सी मुलाकात उसके मन पर गहरी छाप छोड़ गई। कुछ रातें भटकने के बाद भाई के पास लंदन जाकर तीन वर्ष बिताने और एक अंग्रेज़ लड़की से विवाह करके लौटने के प्रसंग के संक्षेप में उल्लेख और रिकेश का लौटकर मेली को खोजने की कथा में उसके मन की अपूर्ण इच्छा का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है। अपने पास सब कुछ होते हुए भी वह अपने मन में किसी कमी का अनुभव करता है। उस कमी को दूर करने के लिए वह मेली से फिर से मिलता है। लेकिन मेली अब पहले वाली बकरी चराने वाली देहाती लड़की नहीं। वह ज़िंदगी में आगे बढ़ चुकी है। अंत में रिकेश को लगता है कि 'वह सागर पार कर आया है फिर भी उसने अपनी ज़िंदगी में एक पग भी नहीं उठाया है। वह केवल फिसलता आरहा है।'<br><br>यह कहानी रिकेश की मनोदशा के चित्रण द्वारा एक विषादग्रस्त युवा की मनःस्थिति को चित्रित करने में सफल है। असंतोष और विषाद की संवेदना किसी बाह्य परिस्थिति से प्रभावित न होकर व्यक्ति के भीतर जमी रहती हैं। उससे उबरने की चेष्टा अपने से बाहर खोजना विफलता ही देगा। रिकेश लंदन जाकर, मनचाही लड़की से विवाह करके भी अंत में अकेला ही रहा। कहानी के अंतिम वाक्य अत्यंत सारगर्भित हैं रिकेश का पूरा जीवन परिस्थितियों से परिचालित हुआ जिसको पुष्पा बम्मा ने 'फिसलन' के प्रतीक से अभिव्यक्त किया है। | |



https://xtremepape.rs/

| Question | Answer | Marks |
|---|---|---|
| 6(b) | भानुमती नागदान की प्रसिद्ध कहानी 'एम बी ई' सरकारी अस्पतालों की दुर्व्यवस्था और वृद्धों के प्रति समाज की उपेक्षा जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं को रेखांकित करती है। कहानी के माध्यम से भानुमती नागदान ने उसके मुख्य पात्र के जीवन की घटनाओं द्वारा आज के समाज की विडम्बना का दर्शन कराया है। एम बी ई से अलंकृत नायक की आर्थिक समस्याओं से ग्रस्त होकर चिकित्सा के अभाव में मृत्यु और उसके मरणोपरंत समाचार पत्र में प्रकाशित प्रशस्ति के लेख विकृत सामाजिक यथार्थ का एक कटु सत्य है। उत्तर में कथावस्तु का विस्तृत विवेचन एवं लेखिका की यथार्थवादी चित्रण की निपुणता पर टिप्पणी अपेक्षित है।<br><br>'एम.बी.ई' में घटनाओं के विवरण द्वारा सरकारी अस्पतालों की दुरावस्था के प्रति गहरा आक्रोश और जन साधारण को उसके विरुद्ध आवाज़ उठाने का संदेश है। कथावाचक अपनी नौकरानी को चोट लगने पर उसे अस्पताल ले जाती है। वह अस्पताल के कर्मचारियों के दुर्व्यवहार को देख कर चुपचाप सहन करने की अपेक्षा कहती है, 'हम इतने मजबूर क्यों हैं? हम आवाज़ क्यों नहीं उठा सकते? यह कमजोरी क्यों है? हम यह सब क्यों सह जाते हैं?' लेखिका का दृढ़ विश्वास है कि जन-जागरण से ही सरकारी संस्थाओं की अव्यवस्था को दूर किया जाना संभव है।<br><br>अकेले वृद्ध रोगी के प्रसंग द्वारा लेखिका ने एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या को उठाया है। स्वयं बुजुर्ग व्यक्ति के शब्दों में, 'मानव ही है जितनी उसकी उम्र बढ़ती है उतनी ही उसकी कम कद्र हो जाती है।' अपनी युवावस्था में एक सफल और सुयोग्य व्यक्ति जिसे एम. बी. ई. की पदवी मिली थी, वृद्धावस्था में असहाय और अभावग्रस्त हो कर अपने इलाज के लिए पैसे नहीं जुटा पाता है। मरणोपरांत समाचार पत्र में उसकी प्रशस्ति और उसके नाम के साथ एम. बी. ई..जोड़ा जाना वर्तमान सामाजिक विषमता पर व्यंग्य है। कथानक के विवरण सहित इन दोनों विषयों की पुष्टि अपेक्षित है।<br><br>कहानी में लेखिका ने उन सामाजिक मूल्यों पर प्रश्न चिन्ह लगाया है जिनके चलते समाज में वृद्धावस्था में मनुष्य की अवहेलना की जाती है। जैसे-जैसे व्यक्ति की आयु बढ़ती है उसकी उपयोगिता घटने से उसका अवमूल्यन होता जाता है। इस कटु यथार्थ का वर्णन सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए आए अकेले कथा नायक के द्वारा किया है। जो व्यक्ति अपनी युवावस्था में गाँव का मुखिया और सक्रिय समाज सेवक होने के कारण एम. बी. ई. की पदवी से सम्मानित हुआ, वही वृद्धावस्था में नितांत असहाय और अभावग्रस्त होकर अपने इलाज के लिए पैसे तक नहीं जुटा पा रहा। सामाजिक व्यवस्था के भीतर वृद्धों की सहायता करने की कोई गुंजाइश नहीं। कहानी के माध्यम से भानुमती ने इस सामाजिक समस्या की ओर ध्यान दिलाया है। कहानी का यथार्थबोध आधुनिक सामाजिक मूल्यों के खोखलेपन को निरावृत करके रख देता है और पाठक को दीर्घ काल तक अभिभूत करने में सक्षम है। यही इस कहानी की सफलता है। उत्तर में कथानक के विवरण सहित इसकी पुष्टि अपेक्षित है। | 25 |



https://xtremepape.rs/